LOYOLA COLLEGE (AUTONOMOUS), CHENNAI – 600 034

U.G. DEGREE EXAMINATION – **LANGUAGES**

FOURTH SEMESTER – **APRIL 2022**

UOL 4101 – HINDI POETRY - IV

Date: 21-06-2022 Dept. No. [ ] Max. : 100 Marks

Time: 09:00 AM - 12:00 NOON

खण्ड 'क' (20 अंक)

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। **10 x 2 = 20**

1. किसके लिए कवि ध्वजा लेकर प्रतिज्ञा करने की बात करता है?
2. कवि का 'उषा को जगाओ, निशा को सुलाओ' से क्या तात्पर्य है?
3. चिड़िया का अंडा कैसे फूटा?
4. जीवन की गति को कौन नहीं रोक पाता है?
5. क्या अग्निपथ पर चलकर मनुष्य सफल होता है?
6. दुर्योधन कृष्ण को क्यों बंदी बनाना चाहता था?
7. मातृभूमि पर शीश चढ़ाने कौन जाता है?
8. नूर मियाँ अभी कहाँ हैं?
9. पांडव वनवास के लिए क्यों गए?
10. परिश्रम कर कवि क्या निकालने की बात करता है?

खण्ड 'ख' (40 अंक)

II. किन्हीं तीन की संदर्भ सहित व्याख्या 150 शब्दों में कीजिए। **3 x 10 = 30**

11. सामने पहाड़ हो सिंह की दहाड़ हो
    तुम निडर डरो नहीं तुम निडर डटो वहीं
    वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!

12. वंशी को बस बज जाने दो,
    मीठी मीड़ों को आने दो,
    आँख बंद करके गाने दो
    जो कुछ हमको आता है

13. वृक्ष हों भले खड़े,
    हों घने हों बड़े,
    एक पत्र छाँह भी,
    माँग मत, माँग मत, माँग मत,
    अग्निपथ अग्निपथ अग्निपथ।

P.T.O.

14. दो न्याय अगर तो आधा दो,
पर, इसमें भी यदि बाधा हो,
तो दे दो केवल पाँच ग्राम,
रक्खो अपनी धरती तमाम।
हम वहीं खुशी से खायेंगे,
परिजन पर असि न उठायेंगे!

15. मुझे तोड़ लेना बनमाली,
उस पथ पर देना तुम फेंक!
मातृ-भूमि पर शीश- चढ़ाने,
जिस पथ पर जावें वीर अनेक!

16. रामगढ़ बाजार से सुरमा बेच कर
सबसे आखिर मे लौटने वाले नूर मियाँ
क्या तुम्हें कुछ भी याद है केदारनाथ सिंह?

III. किसी एक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों में दीजिए। **1 x 10 = 10**

17. महादेवी वर्मा का जीवन परिचय दीजिए।
18. हरिवंश राय बच्चन का जीवन परिचय दीजिए।

खण्ड 'ग' (40 अंक)

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों में दीजिए। **1 x 20 = 20**

19. 'अब यह चिड़िया कहाँ रहेगी' कविता का सारांश लिखिए।
20. 'सन् ४७ को याद करते हुए' कविता का सारांश लिखिए।

V. किसी एक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों में दीजिए। **1 x 20 = 20**

21. पुष्प की अभिलाषा उस पथ पर जाने की क्यों है, जहाँ से वीर जवान मातृभूमि की रक्षा करने के लिए जाते हैं? उदाहरण के द्वारा बताएँ।
22. जयशंकर प्रसाद को ऐसा क्यों लगता है कि उनका जीवन बहुत तेजी से बीत रहा है? उनकी कविता के आधार पर उत्तर दें।

****